राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर, गुरुवार 12 सितंबर 2024 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ • वर्ष : 2, अंक : 155 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### बहाली दौड़ में युवाओं की मौत के बाद सतर्कता बरत रहा प्रशासन

## प्रतिभागियों के बीच बांटे जा रहे सेव, केला व मिनरल वाटर

- चार दिन चलेगी उत्पाद सिपाही बहाली

संवाददाता। जादूगोड़ा

उत्पाद विभाग की सिपाही बहाली में दर्जन भर युवाओं की मौत के बाद प्रशासन ने अब दुबारा शुरू हुई दौड़ के दौरान एहतियात बरतते हुए जादूगोड़ा पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में दौड़ से पूर्व प्रतिभागियों के बीच सेव, केला एवं मिनरल वाटर का वितरण किया जा रहा है ताकि वे खाली पेट नहीं दौड़ें. इस बीच उत्पाद विभाग में चल रही सिपाही बहाली के दूसरे चरण में झारखंड के कोने-कोने से पहुंचे 760 प्रतिभागियों ने दौड़ लगाई, जिसमें 450 युवक व 125 युवतियां सफल हुईं. अब इन सभी चयनित प्रतिभागियों को लिखित परीक्षा व मेडिकल से गुजरना होगा. जिसके बाद ही उनका भविष्य सुरक्षित हो पायेगा. जादूगोड़ा थाना अंतर्गत सासपुर गांव स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में 12 व 13 सितंबर के बाद दोबारा 19 व 20 सितंबर यानी चार दिनों तक उत्पाद सिपाही की बहाली दौड़ होगी. यह जानकारी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के एसपी विजय आशीष कुजूर ने दी. उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को दौड़ से पूर्व उन्हे कई जानकारियां देने के साथ उनकी हौसला आफजाई की जाती है ताकि उत्साह के साथ प्रतिभागी अपने भविष्य के सपने को साकार कर सकें. सुरक्षा की लेकर पुलिस प्रशिक्षण केंद्र की ओर काफी ख्याल रखा जा रहा है. मसलन डॉक्टर, एंबुलेंस, नर्स, बाइक एंबुलेंस, पानी, ओआरएस घोल, फल, चलंत शौचालय और रुकने के लिए टेंट की व्यवस्था की गई है.



#### रात्रि तीन बजे से लगती है लाइन

उत्पाद विभाग की सिपाही में दौड़ को लेकर सुबह तीन बजे से ही प्रतिभागी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के बाहर पहुंच रहे हैं. इधर प्रतिभागियों को कोई परेशानी न हो उसको लेकर खुद पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के एसपी विजय आशीष कुजूर सुबह तीन बजे से ही जुट जाते हैं. सुबह चार बजे से ही दौड़ प्रतियोगिता प्रारंभ होकर सुबह सात बजे खत्म हो जाती है ताकि प्रतिभागियों को कड़ी धूप से मुक्ति मिल सके.



## डालसा ने चार वर्षों से अलग रह रहे दंपती को मिलाया, साथ रहने को राजी

वरीय संवाददाता। जमशेदपुर

आपसी विवाद के बाद चार वर्षों से अलग रह रहा एक दंपती पुनः साथ रहने को राजी हो गया है. यह सब कुछ जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के मध्यस्थ के प्रयास से संभव हो पाया. पिंकी मंडल एवं अमित कुमार मंडल की शादी वर्ष 2018 में हुई थी. दोनों से एक बेटा है. इसी बीच विवाद होने पर पिंकी मंडल 2021 में अपने मायके चली गई. बाद में महिला ने फैमिली कोर्ट में केस (वाद संख्या-103/2023) फाइल किया. उक्त केस की सुनवाई एडिशनल फैमिली कोर्ट-2 में चल रही थी.

इसी बीच डालसा की ओर से 9-10 सितंबर को चलाए गए स्पेशल मेडिएशन ड्राइव में पिंकी मंडल एवं अमित मंडल का केस मध्यस्थता के लिए भेजा गया. दोनों दंपती की मध्यस्थता मध्यस्थ कृष्णाजी ने की. दोनों को बच्चे की परवरिश एवं लंबे दांपत्य जीवन का हवाला देकर अकेले में बैठकर विचार करने के लिए कहा गया. दोनों दंपती ने एक कमरे में बैठकर आपस में बात किया. उसके बाद दोनों ने तय किया कि सारे गिले शिकवे भूलाकर वे एक साथ रहेंगे. इस आशय का दोनों ने शपथ भी दिया. दंपती में आपसी सामंजस्य बनाने में दोनों के अधिवक्ता का सराहनीय योगदान रहा. इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेंद्र प्रसाद को दी गई. उन्होंने भी दोनों के सुखद दांपत्य जीवन की कामना की. इसके बाद कोर्ट परिसर से ही पिंकी मंडल पति के साथ ससुराल विदा हुईं.



डालसा सचिव एवं मध्यस्थ के साथ पति-पत्नी एवं दोनों के अधिवक्ता.

## जमशेदपुर में भाजपा प्रत्याशियों के चयन के लिए हुई रायशुमारी

### कार्यकर्ताओं ने सीलबंद कलश में डाले तीन-तीन संभावित नाम

वरीय संवाददाता। जमशेदपुर



- पूर्वी से रघुवर, रामबाबू, दिनेश व काले के नाम की रही चर्चा
- पश्चिमी से विकास, नीरज, नंदजी, अभय व पूर्व डीआईजी राजीव रंजन का उभरा नाम
- जुगसलाई विस से विमल बैठा व मुचीराम बाउरी की पर्ची डाली गई
- पोटका विधानसभा से मेनका सरदार समेत तीन नाम पर्यवेक्षक को बताए गए

आगामी विधानसभा चुनाव के लिये जमशेदपुर भाजपा ने उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया के तहत बुधवार को जिले के सभी छह विधानसभा सीटों के लिए रायशुमारी की. जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट के लिए पूर्व की भांति इस बार भी रघुवर दास का नाम सबसे ऊपर रहा. उनके समर्थन में अधिकांश लोगों ने हामी भरी. हालांकि रायशुमारी कर रहे पर्यवेक्षकों को कई कार्यकर्ताओं ने रामबाबू तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार का नाम बताया. चर्चा है कि कुछ कार्यकर्ताओं ने रायशुमारी पर्ची पर पूर्व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले का नाम भी प्रत्याशी के रूप में सुझाया है. हालांकि पर्यवेक्षक सीपी सिंह एवं शकुंतला जायसवाल ने किसी के नाम का खुलासा नहीं किया.

इसी तरह जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में आधा दर्जन दावेदारों का नाम पर्यवेक्षकों के सामने आया. जिसमें भाजपा नेता विकास सिंह, नंदजी प्रसाद, व्यवसायी प्रकोष्ठ के नीरज सिंह एवं पूर्व डीआईजी राजीव रंजन का नाम शामिल हैं. इसी तरह जुगसलाई विधानसभा के लिए दो नामों पर अधिकांश भाजपाइयों ने चर्चा की तथा उनके नाम की पर्ची पर्यवेक्षक को दी. जिसमें पहला नाम 2019 का चुनाव लड़ चुके किसान प्रकोष्ठ के मुचीराम बाउरी तथा दूसरा बिमल बैठा शामिल हैं. मुचीराम बाउरी को सांसद समर्थक बताया जाता है. वहीं विमल बैठा अनुसूचित जाति मोर्चा में प्रदेश कमिटी में हैं. जुगसलाई विधानसभा का रायशुमारी पर्यवेक्षक प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव एवं आरती कुजूर को बनाया गया था.

इसी तरह पोटका विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए सुंदरनगर स्थित कल्याण मंडप में बैठक रखी गई थी. वहां पर्यवेक्षक के रूप में संदीप वर्मा व सूर्य प्रभात नियुक्त किए गए थे. दोनों के समक्ष पोटका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, कार्यसमिति सदस्य आदि ने रायशुमारी में हिस्सा लिया. मिली जानकारी के अनुसार वहां से पूर्व विधायक मेनका सरदार अभी भी कार्यकर्ताओं की पसंद बनी हुई हैं. हालांकि बारी मुर्मू के नाम की भी चर्चा सुनी गई. साथ ही प्रत्याशी की दौड़ में उपेन्द्र नाथ सरदार एवं गणेश सरदार भी शामिल हैं.

इससे पहले सभी विधानसभा में रायशुमारी की प्रक्रिया दोपहर 2 बजे से शुरू की गई, जहां कार्यकर्ताओं को विस्तार से समझाया गया कि कैसे वे रायशुमारी प्रक्रिया में भाग लें सकते हैं. सभी कार्यकर्ताओं को एक कागज पर तीन नाम लिखने का निर्देश दिया गया, जिसे प्रदेश से भेजे गए सीलबंद कलशनुमा बॉक्स में डालना था. यह कलश पूरी तरह सीलबंद था ताकि कोई भी बाहरी हस्तक्षेप या गड़बड़ी न हो सके. इस प्रक्रिया के बाद सभी बॉक्स प्रदेश भाजपा कार्यालय भेजे जाएंगे, जहां आगे की समीक्षा और उम्मीदवार पर निर्णय लिया जाएगा. वहीं, पूरे प्रकिया में किसी भी तरह की नारेबाजी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित थी.

प्रत्येक विधानसभा में मंडलवार कार्यकर्ताओं ने इस प्रकिया में भाग लिया. जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए पूर्व मंत्री एवं रांची के विधायक सी पी सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं की भागीदारी और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं के सम्मान और सहभागिता पर आधारित है. भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों तक पहुंच सकता है.

### जमशेदपुर पश्चिम की रायशुमारी में हंगामा

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा की रायशुमारी बैठक बड़ा हनुमान मंदिर में आयोजित की गई. इस रायशुमारी में उलीडीह मंडल के पूर्व अध्यक्ष ने वर्तमान टीम को गलत ठहराते हुए कहा कि टीम में नए लोगों को फेरबदल किया गया. बैठक में मंडल के मात्र 18 में 4 पदाधिकारी, 7 मोर्चा अध्यक्ष में से 2 अध्यक्ष और 49 बूथ अध्यक्ष में 12 बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे. इसी सूची के आधार पर रायशुमारी कराई जा रही थी. जिसका पुरानी कमेटी के कार्यकर्ता एवं भवन प्रभारी ने जम कर विरोध किया. जिसकी वजह से कुछ देर रायशुमारी रोकनी पड़ी.

## कोलकाता की डॉक्टर को घाटशिला में दी श्रद्धांजलि



बुधवार की शाम घाटशिला फुलडुंगरी चौक के सब्जी वाले, टेंपो वाले एवं अन्य दुकानदारों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. ट्रेनी डॉक्टर को इंसाफ दिलाने के लिए अपनी आवाज बुलंद की. इस मौके पर पंकज सिंह, शंकर सिंह, संतोष गुप्ता, रोहित कुमार, रीना गुप्ता, सुशीला नामता, चिंता मनी, रोहित कुमार सीट, दशरथ धीवर सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### घाघीडीह बाल सुधार गृह से भाग निकले पांच बंदी

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित घाघीडीह बाल सुधार गृह इन दिनों चर्चा में है. कभी बंदियों के बीच मारपीट तो, कभी बंदी पर अप्राकृतिक यौनाचार किए जाने के आरोप भी लग रहे हैं. इस बीच मंगलवार की आधी रात को सुधार गृह से पांच बाल बंदियों के एक साथ फरार होने का मामला सामने आया है. घटना 1:30 रात की बतायी जा रही है.

फरार होने वाले बंदी खिड़की तोड़ भाग निकले. जिसकी सूचना प्रबंधन को बुधवार तड़के मिली. इसकी सूचना परसुडीह थाना को दी गई. फिलहाल बंदियों की तलाश में छापेमारी जारी है. घटना से विभाग में हड़कंप मच गया है. पुलिस ने बंदियों के परिजनों से संपर्क साधा है. इनमें एक बंदी की जमानत भी होनी थी. मामले में सुरक्षा डयूटी पर तैनात दो जवानों पर विभागीय कार्रवाई की गई है. सूचना के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी भी बाल सुधार गृह पहुंचे. मामले की जानकारी ली. लेकिन इस संबंध में किसी तरह की जानकारी देने से इंकार कर रहे हैं. घटना की जानकारी मिलने के बाद वहां से पूर्व गृह पति की जगह नियुक्त किए रवि शास्त्री ने कुछ भी बताने से इंकार किया. गौरतलब हो कि इससे पहले भी वहां से बाल बंदी भागते रहे हैं.

### सड़क किनारे झाड़ी में मिली महिला की लाश

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के जामसोल मौजा अंतर्गत बेड़ा नामक स्थान पर बुधवार को झाड़ियों में संदिग्ध स्थिति में महिला की लाश मिली है. ग्रामीणों ने लाश देखे जाने की खबर पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर अपने स्तर से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला की पहचान सकरा पंचायत अंतर्गत गांव परुलिया निवासी गंगा मुंडा के पुत्र छोटू मुंडा की पत्नी के रूप में पहचान की गई है. ग्रामीणों के मुताबिक छोटू मुंडा ओडिशा में काम करने के दौरान विगत कुछ दिन पहले महिला को अपने घर लाया था. उधर मृतक महिला के ससुर गंगा मुंडा से पूछताछ कर पुलिस महिला के संबंध में जानकारी प्राप्त करने में जुटी हुई है. मृतक महिला का पति छोटू मुंडा मौके से भागने में सफल रहा.

### लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी फोरलेन पुल की एजेंसी तय

**जमशेदपुर ।** भुइयांडीह लिट्टी चौक से एनएच-33, भिलाई पहाड़ी तक स्वर्णरेखा नदी पर चार लेन पुल और 3.681 किलोमीटर फोरलेन सड़क बनाने का रास्ता साफ हो गया. विभाग ने उक्त काम रांची के मेसर्स सतीश कुमार को सौंपा है. साथ ही इसकी जानकारी पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख ने कार्यपालक अभियंता, जमशेदपुर के भेज दी और काम जल्द प्रारंभ करने के लिए कहा. निविदा में कुल 6 संवेदकों ने भाग लिया. जिसमें मेसर्स सतीश प्रसाद की दर न्यूनतम पाई गई जो प्राक्कलित राशि से 10.72 प्रतिशत कम है. इस योजना पर कुल 49.72 करोड़ रुपये खर्च होंगे. उक्त पुल के बन जाने से जमशेदपुर और मानगो पर भारी एवं हल्के यातायात वाहनों का बोझ काफी कम हो जाएगा.

विधायक सरयू राय ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कि विगत तीन वर्ष से पुल एवं सड़क निर्माण के लिए वे प्रयासरत थे. इस मामले को विधानसभा में भी उठाया. मुख्यमंत्री से लेकर पथ निर्माण विभाग के सचिव, अभियंता प्रमुख, कार्यपालक अभियंता एवं अन्य अधिकारियों से मिलकर पुल का डिजाइन तैयार करवाया, टाटा स्टील से एनओसी दिलवाया. बीच-बीच में निराशा भी हुई, पर अंततः लक्ष्य पूरा होने का संतोष है.

### अवरोध | परियोजना का मुख्य हिस्सा ईचा डैम का निर्माण खटाई में, दिलीप बिल्डकॉन को मिला है एक हजार करोड़ का टेंडर

## 400 करोड़ से शुरू सुबर्णरेखा परियोजना हुई 15700 करोड़ की, अब भी अधूरी

संजीव मेहता। आदित्यपुर

सुबर्णरेखा बहुद्देश्यीय परियोजना की लागत बढ़ कर 15700 करोड़ रुपये हो गई है और परियोजना को एक्सटेंशन देते हुए अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है. बता दें कि 46 साल से चल रही परियोजना का कार्य अब भी अधूरा है. इस परियोजना का मुख्य हिस्सा चांडिल डैम के बाद ईचा डैम का है, जिसका निर्माण खटाई में पड़ा है. वर्ष 2022 में इसका री-इस्टीमेट कर दिलीप बिल्डकॉन को एक हजार करोड़ रुपये का टेंडर भी दिया गया है. कुछ कार्य शुरू भी हुआ, लेकिन ईचा डैम की जद में आने वाले 87 गांव के विस्थापितों के विरोध के बाद एक साल से काम बंद है.

इस परियोजना की नींव 1978 में रखी गई थी. इससे देश के 3 राज्यों को सीधा फायदा पहुंचने वाला था. झारखंड की सबसे बड़ी दामोदर नदी के बाद राज्य की यह दूसरी बड़ी नदी स्वर्णरेखा है. लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण 46 साल बाद भी अधिकांश नहर अधूरी है. अब इसकी लागत करीब 15700 करोड़ रुपए हो गयी है. इस योजना को पूरा करने का लक्ष्य भी अब 2026 तक प्रस्तावित है. ईचा डैम का निर्माण भूमि अधिग्रहण में विवाद होने की वजह से अधूरा है. ऐसे में लक्ष्य के अनुसार वर्ष 2026 तक परियोजना के पूरा होने पर प्रश्न चिन्ह लग गया है. ईचा डैम की जलधारण क्षमता 225 मीटर रखी गया है. ईचा डैम से ही गजिया बराज को भी पानी मिलना है. गजिया बराज से निकलने वाली राइट कैनाल से 29.8 किलोमीटर पानी छोड़ा जाना है जो जादूगोड़ा लघु वितरणी तक जाएगी. इससे 1 लाख 13 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित करने का लक्ष्य है. अंडरग्राउंड पाइप के माध्यम से सिंचाई के लिए एक हजार करोड़ का टेंडर हो चुका है. बता दें कि केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से इसकी प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल गयी है. सुबर्णरेखा परियोजना का काम 1978 में 400 करोड़ की लागत से शुरू हुआ था. लगभग 46 साल पहले शुरू हुई इस परियोजना की लागत अब कई गुणा बढ़ गई है. इस परियोजना में वर्ल्ड बैंक ने भी दिलचस्पी दिखाई है. अगर यह परियोजना अब तक पूरी हो गई होती तो झारखंड के विकास में यह मील का पत्थर साबित होता, लेकिन करीब 5 दशक बीत जाने के बाद भी सुबर्णरेखा परियोजना अधर में है.



#### 46 वर्षों से अधर में परियोजना

कोल्हान प्रमंडल क्षेत्र में आने वाली इस परियोजना की नींव 1978 में रखी गई थी. इसका मकसद था बिहार के साथ ओडिशा और पश्चिम बंगाल में सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था हो सके. इसके माध्यम से किसानों के जीवन स्तर में सुधार हो सके और बांध से विद्युत उत्पादन कर देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया जा सके, लेकिन सरकारी उदासीनता के कारण लगभग 46 साल बाद भी यह परियोजना अधर में है. बता दें कि तत्कालीन बिहार सरकार ने साल 1978 से 1980 तक इस परियोजना के तहत बनाए जा रहे ईचा खरकई बांध का 30 फीसदी तक काम पूरा कर लिया गया था, लेकिन कुछ साल बाद उन्होंने इस परियोजना से अपना हाथ खींच लिया. बिहार विभाजन के बाद यह परियोजना झारखंड के हिस्से में आ गई. झारखंड की नई सरकार ने इस परियोजना को महत्वाकांक्षी बताते हुए काम तो शुरू किया, लेकिन दशकों बीत जाने के बाद भी यह परियोजना अधूरी है.

#### मछली पालन व पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित

विभागीय सूत्रों ने बताया कि लगभग एक हजार करोड़ की लागत से ईचा डैम परियोजना का कार्य दिलीप बिल्डकॉन कंपनी को दी गई है, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण काम बंद है. विभागीय सूत्र बताते हैं कि बांध का निर्माण हो जाने के बाद मछली पालन और पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित हो जाएगा. इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेंगे और क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो पाएगा. बहरहाल सुबर्णरेखा परियोजना के पूरा होने से लोगों को सिंचाई और बिजली जैसी समस्याओं का निजात तो मिलेगी, लेकिन जिन ग्रामीणों की जमीन छिन गयी, जिनका घर तबाह हो गया, उनको सरकार उचित मुआवजा देगी. उन्हें बसाने का काम करेगी. यह देखने वाली बात है.



#### विस्थापित कर रहे विरोध

बांध बनने की सुगबुगाहट से इसकी जद में आने वाले 87 गांव के लोगों ने इस परियोजना का विरोध करना शुरू कर दिया है. अविभाजित बिहार सरकार के शासनकाल में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस मुद्दे को लेकर काफी राजनीति की और इस पार्टी को लोगों ने समर्थन भी दिया. इन सबके बीच सरकार ने अपने अधिकार और बल का प्रयोग करते हुए बांध के दोनों ओर से नहर बनाने का काम शुरू कर दिया. इस नहर में से एक नहर ओडिशा तक भी जाती है, जबकि दूसरी नहर पश्चिम बंगाल के कई गांवों तक पहुंची है. इस परियोजना से प्रभावित लोग कई शर्तों के आधार पर नौकरी और उचित मुआवजा मिलने की सूरत में बांध निर्माण को लेकर राजी भी हो गए. लेकिन सरकार की सारी घोषणाएं अब तक फाइलों में ही सिमटी हुई है. नतीजा यह हुआ कि लोगों को मुआवजे के नाम पर औने-पौने दामों में अपनी पुश्तैनी जमीन को विकास के नाम पर सरकार को सौंपनी पड़ी. लेकिन आज लोगों का विरोध भी कम होने का नाम नहीं ले रहा है. विस्थापित ग्रामीणों की मानें तो विकास के नाम पर पिछले कालखंड में कई घोटाले हुए. बांध का पैसा पदाधिकारी और बिचौलिया मिलकर हड़प लिए. विस्थापित आज भी अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं. ऐसे में अब सभी विस्थापित न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं.

भारतीय जनता पार्टी की घाटशिला विधानसभा स्तरीय बैठक में प्रत्याशी के लिए हुई रायशुमारी

# झारखंड मुक्ति मोर्चा पति-पत्नी की पार्टी बनकर रह गई : सिंह

संवाददाता | घाटशिला





भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक बुधवार को घाटशिला के आनंद मंगलम अपार्टमेंट में आयोजित की गई. बैठक में प्रभारी के रूप में खूंटी जिला के प्रभारी सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य सत्यनारायण सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो शामिल थे.

बैठक के दौरान सत्यनारायण सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को संबोधित कहते हुए कहा कि हम लोगों को विधानसभा चुनाव जीतना है क्योंकि झारखंड राज्य को भाजपा ने बनाया है. हेमंत सरकार जिसे अछूत मानते थे उन सभी को लेकर सरकार बनाया है. झारखंड मुक्ति मोर्चा पति-पत्नी की पार्टी बनकर रह गई है. इसलिए भाजपा अन्य पार्टी से अलग है. यहां लंबे समय से कार्यकर्ता भाजपा के साथ चल रहे हैं. इसलिए घाटशिला विधानसभा की सीट जीतने के लिए कार्यकर्ताओं का मनोभाव टटोलने आए हैं.

### भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता पार्टी से बड़ा नहीं

उन्होंने कहा कि रायशुमारी के बाद ही घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी तय किया जाएगा. भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता पार्टी से बड़ा नहीं है. भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है. जाति धर्म से ऊपर उठकर विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाना है. उन्होंने सभी जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष, बूथ कमेटी, मंडल कमेटी, विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारी से आग्रह किया कि बूथ कमेटी, शक्ति केंद्र तथा पन्ना प्रमुख को हर हाल में मजबूत करना है. इसके मजबूत होने से पार्टी मजबूत होगी.

कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखन मार्डी, जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, सुभाष सिंह, बुद्धेश्वर मार्डी, हेमंत नारायण देव, मंडल अध्यक्ष कौशिक कुमार, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रंगलाल महतो, विश्वनाथ दंडपात, सुजान मान्ना शाहिद विधानसभा के भाजपा नेताओं पदाधिकारी उपस्थित थे.

आदिवासी महिला व उसकी बच्ची के साथ मारपीट का मामला


# पूर्व आजसू नेता गिरफ्तार

## वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दर्ज की थी प्राथमिकी

वरीय संवाददाता | जमशेदपुर

जमशेदपुर के कदमा भाटिया बस्ती निवासी व मंगल अखाड़ा के संचालक और आजसू से निष्कासित ब्रजेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को कदमा पुलिस ने मंगलवार की रात गिरफ्तार कर लिया. मुन्ना सिंह की गिरफ्तारी कदमा मंगल सिंह अखाड़ा से की गई. उसके खिलाफ पीड़ित महिला के बयान पर 8 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. मारपीट की घटना 7 सितंबर को हुई थी.

घटना के बाद पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. जिसके बाद मुन्ना सिंह पर कार्रवाई की मांग की जाने लगी. भाजपा नेता व झामुमो नेताओं ने पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बनाया. यहां तक की झामुमो युवा मोर्चा के नेता बबन राय के नेतृत्व में कदमा थाने पर प्रदर्शन किया गया. जिसके बाद पुलिस ने एससी-एसटी उत्पीड़न



मुन्ना सिंह की फाइल फोटो.

अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद इसकी जानकारी आजसू प्रमुख को होने के बाद उन्होंने मुन्ना सिंह को पार्टी के सारे पदों से हटाते हुए प्राथमिकी सदस्यता से निष्कासित कर दिया. ज्ञात हो कि मुन्ना सिंह तब सुर्खियों में आया था. जब 2019 के चुनाव में वह बीएमडब्ल्यू कार से नामांकन करने पहुंचा था. उस वर्ष आजसू पार्टी का भाजपा से गठबंधन टूट गया था. जिसके कारण पार्टी ने कई सीटों पर प्रत्याशी उतारा था.

### मंगल कालिंदी ने सीएम को दी जानकारी

आजसू नेता द्वारा आदिवासी महिला एवं उसकी बच्ची के साथ बेहरमी से पिटाई का मामला सीएम के संज्ञान में भी लाया गया. घटना की जानकारी होने के बाद विधायक मंगल कालिंदी ने पीड़ित महिला से उसके घर पर जाकर भेंट की तथा मदद का आश्वासन दिया. मंगल कालिंदी ने कहा कि आजसू पार्टी आदिवासी विरोधी है. उन्होंने सीएम से भी इसकी शिकायत की बात कही.

# खबर छपने के बाद काली की जगह लाल ईंट का उपयोग शुरू



योजना स्थल पर रखा लाल ईंट.

संवाददाता | घाटशिला

भवन निर्माण विभाग द्वारा प्रखंड मुख्यालय परिसर में बनाये जा रहे सहकारिता विभाग के कार्यालय में काली ईंट उपयोग किए जाने की खबर शुभम संदेश अखबार में पिछले शनिवार को प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद अब भवन निर्माण में बुधवार से लाल ईंट का उपयोग शुरू हो गया है. योजना स्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि भवन के पार्टीशन दीवार में लाल ईंट का उपयोग करने का निर्देश मिला है. भवन में जहां भी 5 ईंच की जोड़ाई होगी उन सभी दीवार का निर्माण लाल ईंट से करना है. जबकि 9 इंच के दीवार के लिए काली ईंट का ही उपयोग किया जाएगा. वैसे लाल ईंट की भी गुणवत्ता भी ठीक नहीं लग रही



07 सितंबर को छपी खबर

है. योजना स्थल पर रखी गई लाल ईंट के समीप काफी संख्या में टूटी हुई ईंटें गिरी हुईं हैं. ज्ञात हो कि निर्माण कार्य नाथ बाबा बिल्डर्स द्वारा किया जा रहा है. पिछले दिनों संचालक निखिल राय ने बताया था कि फाउंडेशन में लाल ईंट का उपयोग किया गया है, और करार के अनुसार दीवार के लिए काली ईंट का ही प्रयोग किया जाना है.

## आदिवासी समाज के लोगों ने किया पुतला दहन

**बहरागोड़ा** । बहरागोड़ा प्रखंड के कलियाडिंगा ओवरब्रिज के नीचे आदिवासी समाज के लोगों ने जमशेदपुर के पूर्व आजसू नेता मुन्ना सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री सुदेश महतो का पुतला दहन किया गया. इस दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने 13 साल की आदिवासी बच्ची और उसकी मां के साथ अश्लील भाषा में गाली गलौज और मारपीट करने की घटना की निंदा की. इस उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मुन्ना सिंह के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए. इस मौके पर सीताराम टुडू, शीलू मंडी, चन्द मोहन हंसदा, राम रतन सोरेन, सालखान किस्कू, राम दयाल मुंडा समेत समाज के अनेक लोग मौजूद थे.



पुतला दहन करते आदिवासी समाज के लोग.

## यूरेनियम कामगार यूनियन संघर्ष की करेगी शुरुआत

**जादूगोड़ा** | यूसील की मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन यूरेनियम कामगार यूनियन सेवानिवृत कर्मचारियों को तीसरा लाभ के तौर पर 14 प्रतिशत पेंशन ,मेडिकल सुविधा समेत अन्य मांगों को लेकर 13 सितंबर से जागरुकता अभियान चलाएगी. जिसकी शुरुआत नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट में पर्चा वितरित कर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ संघर्ष का आह्वान करेगी. जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है.

# शोध में अवैज्ञानिक विधि का कोई स्थान नहीं : पीके पाणी



संवाददाता | घाटशिला

सोना देवी विश्वविद्यालय में रिसर्च मेथाडोलॉजी पर आधारित कार्यशाला के अंतिम दिन बुधवार को कोल्हान विश्वविद्यालय के पूर्व वित्त पदाधिकारी एवं वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष रहे डॉ. पी के पाणी ने कार्यशाला में रिसर्च स्कालरों से अपने अनुभव साझा किया. उन्होंने शोधकर्ताओं को रिसर्च का अर्थ बताया और गहन जानकारी दी. वैज्ञानिक विधियों की जानकारी देते हुए कहा कि रिसर्च में अवैज्ञानिक विधि का कोई स्थान नही हैं.

श्री पाणि ने कहा कि सोशल साईस में हम सामाजिक विकास के लिए अध्ययन करते हैं. शोधकार्य में रिसर्च मेथाडोलॉजी का महत्वपूण स्थान हैं. बीडीएसएल महाविद्यालय की मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डा. पुष्कर बाला ने रिसर्च स्कालरों को कांफ्रेंस और सेमिनार के महत्व के बारे में बताया. कार्यशाला के सफल आयोजन में कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, कुलपति डा. जे पी मिश्र, कुल सचिव डा. गुलाब सिंह आजाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने पटमदा में बंगाल बॉर्डर किया जाम

## 50 हजार पेंशन देने व जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने की मांग

विशेष सहयोगी। पटमदा

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी ने बुधवार को बोड़ाम थाना क्षेत्र के बड़ासुसनी स्थित झारखंड एवं बंगाल बार्डर जाम कर दिया. जिसके कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई. मोर्चा चाहता है कि आंदोलनकारियों को 50 हजार रुपया पेंशन दी जाए एवं किसी मामले में आरोपित होने पर जेल जाने की बाध्यता सरकार समाप्त करे. जिला संयोजक विश्वजीत प्रमाणिक के नेतृत्व में सुबह 9 बजे से जाम जारी है. मौके पर पहुंची बोड़ाम पुलिस ने आंदोलनकारियों को समझाने का प्रयास किया. लेकिन आंदोलनकारी मानने को तैयार नहीं हैं. उनका कहना है कि केंद्रीय कमिटी के निर्देश पर यह आंदोलन शुरू किया गया है.



बोड़ाम में सड़क जाम किए झारखंड आंदोलनकारी.

इसमें मुख्य रूप से शरत महतो, मलिंद्र सिंह, शिवशंकर महतो, छुटुलाल महतो, शंकर महतो समेत दर्जनों लोग शामिल थे. दूसरी ओर कमलपुर थाना क्षेत्र के राखडीह बंगाल बॉर्डर को भी जाम कर दिया. जिससे उस क्षेत्र से भी वाहनों की आवाजाही बंद हो गई. वहीं पटमदा के बेलटांड़ चौक में भी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा से जुड़े आंदोलनकारियों ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रर्दशन किया. जिमसें दुर्योधन महतो, रसराज महतो, दुलाल कुंभकार, बाबलू दत्त, दयानिधि कालिंदी व दयामय मोदक राखाडीह में आनंदमय महतो, अभिलाष महतो, मदन महतो समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

विवाद | सिखों की पहचान पगड़ी, केश, दाढ़ी को लेकर कभी देश में सवाल नहीं उठे

# अर्ध सत्य बोल रहे राहुल गांधी, 1984 याद रखें : कुलविंदर सिंह

वरीय संवाददाता | जमशेदपुर

राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के संयोजक अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कांग्रेस सांसद एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को निशाना साधते हुए कहा कि वह सिखों की पहचान को लेकर अर्ध सत्य बोल रहे हैं. सिखों की पहचान अर्थात पगड़ी, केश दाढ़ी को लेकर कभी भी भारत देश में सवाल नहीं उठे हैं. भारतीय संविधान एवं कानून पर विश्वास रखने वाले किसी भी संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा पहचान को लेकर भी प्रश्न नहीं खड़े किए गए. उन्होंने कहा कि पगड़ी, केश और दाढ़ी पर प्रत्येक भारतीय गर्व करता है क्योंकि सिखों का इतिहास, विरासत, परंपरा, कुर्बानी और बलिदान से भरा पड़ा है.



अधिवक्ता कुलविंदर सिंह

### एडवाइजारी जारी करे केंद्र सरकार

कुलविंदर सिंह ने कहा कि आज भी सिखों के साथ भेदभाव किया जा रहा है. अधिवक्ता के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैबिनेट मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी, रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा, भाजपा राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा को चाहिए कि वह केंद्र सरकार पर दबाव डालकर सभी राज्यों और जिलों, सरकारी संस्थाओं को एडवाइजरी भिजवाएं. जिससे किसी को परीक्षा केंद्र, रेल हवाई अड्डा अथवा सरकारी कार्यालय न्यायालय में पहचान के नाम पर सिख को परेशानी नहीं उठानी पड़े. दोषी व्यक्ति के लिए कठोर सजा का प्रावधान भी किया जाना चाहिए.

अपनी पहचान के साथ सिख कभी समझौता नहीं करता है. भले ही मुगलों ने उनके सिर के दाम लगाए हो या अंग्रेज काला पानी की सजा देते रहे.

कुलविंदर सिंह ने आज यहां जारी बयान में कहा है कि भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए गुरुओं ने जो किया है उसकी मिसाल दुनिया में कहीं नहीं मिलती है. देश की आन बान शान रूपी इस पगड़ी पर सवाल कुछ स्वार्थी कांग्रेसियों ने खड़े करने शुरू किए थे. वोटों की गोलबंदी कराने के मकसद से सिख वेश में अपने एजेंट तैयार किए, जो बहरूपिया हैं जिन्हें न सिख गुरुओं और ना ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में विश्वास है, ना ही उसके अनुसार जीवन जीते हैं. उन बहरूपियों किरदारों के बहाने सिख पहचान को निशाने पर लिया जाता रहा. आज शक्तिहीन कांग्रेस संघवाद की बात कर रही है. 1978 के आनंदपुर प्रस्ताव उसे देश विरोधी नजर आया और उसमें विदेशी हाथ दिखा. कांग्रेस के नकरात्मक धारणा के कारण देश में अविश्वास का माहौल बनाया गया और नतीजे में 1984 प्रधानमंत्री की हत्या की गई और प्रतिक्रिया में दस हजार से ज्यादा सिख मार दिए गए. अधिवक्ता ने राहुल गांधी को सलाह दी है कि वह अपने पिता राजीव गांधी का कथन समझने की कोशिश करें कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है.

## ब्रीफ खबरें

### जगन्नाथपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 13 को

**बहरागोड़ा** | बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की पारुलिया पंचायत अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आरोग्य सेंटर जगन्नाथपुर परिसर में 13 सितंबर को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा. यह शिविर पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी की पहल पर नाम्या स्माइल फाउंडेशन की ओर से नारायण हृदयालय ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल कोलकाता के सहयोग से आयोजित किया जाएगा. शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करेगी और उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएगी.

### 13 को स्व. कुनाराम मुर्मू की चौथी पुण्यतिथि

**घाटशिला** | विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी सह घाटशिला लैंपस के पूर्व अध्यक्ष स्व. कुनाराम मुर्मू की चौथी पुण्यतिथि 13 सितंबर को मनायी जाएगी. सभी कार्यक्रम उनके चेंगजोड़ा स्थित पैतृक गांव में आयोजित होंगी. दोपहर 12 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा. आयोजन समिति के सदस्यों ने इसके लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है. जानकारी हो कि स्व. मुर्मू घाटशिला विधानसभा में भाजपा के संस्थापक सदस्य थे. वहीं घाटशिला लैंपस के संस्थापक अध्यक्ष होने के साथ ही तीस साल तक आजीवन इस पद पर रहे.

### डॉ पीके पाणी को घाटशिला कॉलेज में दी गई विदाई

**घाटशिला** | कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, वित्त पदाधिकारी एवं नैक कोऑर्डिनेटर रहे डॉ पीके पाणी की सेवानिवृत्ति पर घाटशिला कॉलेज में बुधवार को सम्मान के साथ विदाई दी गई. डॉ पाणी ने घाटशिला कॉलेज से ही अपनी सेवा प्रारंभ की थी. वह सितंबर 1982 से दिसंबर 1986 तक कॉमर्स विभाग में व्याख्याता थे. इस मौके पर उन्होंने अपनी लिखी 24 पुस्तकें प्राचार्य डॉ आर के चौधरी को पुस्तकालय के लिए भेंट की. प्राचार्य ने डॉ पी के पाणी के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि उन्होंने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है.

### संकट-मोचन संगीत समिति का सांस्कृतिक कार्यक्रम

**आदित्यपुर** | संकट मोचन संगीत समिति के बिष्टुपुर स्थित आरडी द्विवेदी अखाड़ा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कत्थक गुरु पंडित बख्शी विकास की शिष्या ख़ुशी कुमारी गुप्ता ने कत्थक नृत्य और भाव नृत्य की प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को भाव विभोर किया. इनके साथ तबले पर स्वयं पंडित बख्शी विकास ने संगत की और सितार पर पंडित सुभाष बोस ने सुंदर संगत किया. जबकि गायन तथा हारमोनियम पर संगत की जिम्मेदारी पंडित वीरेंद्र उपाध्याय ने संभाला.

### लाभार्थियों के बीच मंगल कालिंदी ने बांटी परिसंपत्ति

**जमशेदपुर** | जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत देवघर, पलासबनी पंचायत और बोड़ाम प्रखंड के गौरडीह पंचायत भवन में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए और कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस दौरान विधायक, प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारियों ने विभिन्न विभागों के लगाए स्टॉल का निरीक्षण कर लाभुकों का सहयोग करने का निर्देश दिया. शिविरों में विधायक द्वारा लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्र, परिसम्पत्ति आदि का वितरण किया गया.

### शिविर में आए 1100 अबुआ आवास के आवेदन

**डुमरिया** | डुमरिया प्रखंड के डुमरिया स्थित बड़ाकांजिया पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया. झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लिए 1100 आवेदन ग्रामीणों द्वारा जमा किया गया.इस अवसर पर प्रमुख गंगामनी हांसदा, सीओ चंचला कुमारी, बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू, उप प्रमुख चैतन मुर्मू समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के हाथों लाखों की परिसंपत्ति का वितरण किया गया. बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू ने कहा कि ग्रामीणों के लिए 44 प्रकार की योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है.

## न्यूज अपडेट

### गणेश उत्सव पर महाभोग का किया आयोजन



**जमशेदपुर** | सोनारी आंध्रा समिति द्वारा पिछले पांच दिनों से जारी गणेश पूजा बुधवार को विसर्जन के साथ संपन्न हो गया. महोत्सव के आखिरी दिन कुमकुम पूजा के उपरांत महाभोग का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया. समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास राव ने बताया कि समिति 26 वर्षों से गणेश पूजा का आयोजन कर रही है. इस वर्ष पांच दिनों तक पूजा हुई. इस दौरान कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. 9 सितंबर को साई भजन, 10 सितंबर को महिलाओं द्वारा विशेष पूजा, 11 सितंबर को महाभोग का आयोजन किया गया. उन्होंने समाज के सभी लोगों को जिन्होंने इस महोत्सव को सफल बनाने में मदद की उनके प्रति आभार व्यक्त किया.

### खंडहर में तब्दील हो गया है आयुर्वेदिक अस्पताल



**बहरगोड़ा** | बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पाथरा पंचायत के गंधानाटा में स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल खंडहर में तब्दील हो गया है. अस्पताल के चारों तरफ बड़ी-बड़ी घासें उग आई हैं. यही नहीं अस्पताल के कमरों में स्टाफ बैठना भी मुनासिब नहीं समझते हैं. यह अस्पताल क्षेत्रवासियों के लिए बेकार साबित हो रहा है. इस अस्पताल का निर्माण पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश षाड़ंगी के कार्यकाल में हुआ था. यहां एक डॉक्टर एक फार्मासिस्ट, एक वार्ड ब्वाय और चपरासी की नियुक्ति की गई थी. यह अस्पताल किसी पशु आश्रय स्थल से कम नहीं है. प्रांगण के चारों ओर बड़ी-बड़ी घासें उग आई हैं. डॉक्टरों के ठहरने के लिए बने आवासों में आवारा पशुओं एवं पंक्षियों का बसेरा रहता है. कुल मिलाकर आयुर्वेदिक अस्पताल का जर्जर भवन खंडहर में तब्दील होता जा रहा है.

### दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन



**बहरागोड़ा** | बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ईचड़ाशोल-पाटपुर सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों ने दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण के लिए बुधवार को भूमि पूजन किया. पुजारी तपन आचार्य ने सुबह पूजा स्थल पर वैदिक रीति रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना की. साथ ही पूजा स्थल पर गड्ढा खोदकर बांस गाड़ा गया. कमेटी के सदस्य ने बताया कि इस बार भव्य आकर्षक पंडाल निर्माण होगा. मीना बाजार लगाने एवं भक्तों के बीच महासप्तमी, महाअष्टमी व महानवमी के दिन महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा. सप्तमी, अष्टमी और नवमी की रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. मौके पर कमेटी के अध्यक्ष चंडी चरण साउ, सत्यवान प्रधान , नगेन साहू,तापस साउ, सुभाष चंद्र घोष,कमल आचार्य अधिकारी आदि उपस्थित थे.

### डुमरिया में घर से दो बकरा व एक बकरी चोरी



**डुमरिया** | डुमरिया थाना क्षेत्र के भालुकपतड़ा हाईस्कूल के पीछे स्थित एक घर से तीन बकरों की चोरी हो गई. घटना मंगलवार देर रात की है. घटना के संबंध घर के मालिक दुखाराम मुर्मू ने बताया कि मंगलवार आधी रात को बकरे के मिमियाने की आवाज आई. बाहर आकर देखा तो उस जगह के बल्ब नहीं थे. घर के पीछे दो बाइक पर चार चोर बकरी लेकर भाग रहे थे. उन्हें खदेड़ कर पकड़ने की कोशिश की. चोर हातिबारी-निश्चिंतपुर होते हुए मुख्य सड़क की ओर भाग गये. दुखाराम मुर्मू ने बताया कि घर में कुल छह में से दो बकरे और एक बकरी चोरी हो गई. इस संबंध में डुमरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी. इस क्षेत्र में पिछले कई माह से कई किसानों के मवेशी चोरी हो गए हैं. डुमरिया पुलिस एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है.

### अभिभावकों ने आरटीआई कार्यकर्ता को सौंपा ज्ञापन



**बहरागोड़ा** | बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के नेताजी शिशु उद्यान परिसर स्थित मॉडल विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों ने आरटीआई कार्यकर्ता सह झारखंड लोक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश महतो को एक ज्ञापन सौंपा . जिसमें अभिभावकों ने बताया कि 2012 में स्थापित मॉडल विद्यालय का संचालन बहरागोड़ा प्रखंड मुख्यालय हिंदी विद्यालय में चल रहा है. जहां केवल तीन कमरे में कक्षा 6 से लेकर 12 तक के छात्रों की पढ़ाई होती है. इससे विद्यार्थियों व शिक्षकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि नया भवन रहते हुए जर्जर भवन में शिक्षा देना दुर्भाग्यपूर्ण है. यदि शिक्षा विभाग ने अविलंब समस्या का हल नहीं किया तो आगे वह अभिभावकों के साथ मिलकर न्याय के लिए झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेंगे.

### सरकार आपके द्वार के शिविर में पहुंचे विधायक



**बहरागोड़ा** | प्रखंड क्षेत्र के मौदा व बनकाटा पंचायत भवन परिसर में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक समीर कुमार मोहंती ने शिविर का विधिवत उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि शिविर के जरिए आपकी आवाज और तकलीफों को समझने का हमें मौका मिलता है. इससे साफ दिखता है कि पूर्व की सरकारों में न ब्लॉक कार्यालय काम करता था, न जिला कार्यालय. लोग अपनी समस्याओं के बारे में अधिकारियों को आवेदन देते थे पर उनका हल नहीं निकल पाता था.आज यह व्यवस्था बदली है. आज सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है, जिससे विपक्ष के लोग विकास के काम से काफी घबरा गए हैं. मौके पर अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, उप प्रमुख मुन्ना होता मुखिया पुरुस्ततम सिंह, पशुपालन पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिंह, रासबिहारी साव, गोपन परिहारी, मिथुन कर आदि उपस्थित थे.

### एसडीओ ने जब्त किया अवैध बालू लदा हाईवा



**घाटशिला** | घाटशिला थाना क्षेत्र के फुलपाल चौक के समीप बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो ने गुप्त सूचना के आधार पर एनएच-18 पर बालू लदा हाईवा जप्त किया. जब्त हाईवा संख्या जेएच 05 डीएन 6392 को हाईवा मालिक द्वारा अलग से गलत नंबर जेएच05 डीएन 92 लिखवा कर अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा था. एसडीओ ने जब्त हाईवा को पुलिस के हवाले कर दिया है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. हालांकि समाचार लिखे जाने तक खनन विभाग के पदाधिकारी नहीं पहुंचे थे.

### एनआरईपी में कर्मचारियों की कमी : सोनाराम सिंकु

**किरीबुरु ।** जिला प्रशासन के अधीन एकमात्र कार्यकारी एजेंसी राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम (एनआरईपी) में कार्य बल यानि सहायकों और कर्मचारियों की नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति करने का मामला विभागीय मंत्री इरफान अंसारी तक पहुंचा है. यह वही जिला प्रशासन की एकमात्र एजेंसी है, जिसके पास स्वीकृत पदों के अनुपात में मात्र एक ही सहायक कई पदों का कार्य करने को मजबूर हैं. एक सहायक के भरोसे लगभग 150 करोड़ की योजना का भार दिया गया है. इस संबद्ध में कार्यपालक अभियंता सुभाष प्रसाद सिंह ने लिखित रूप में कार्यालय में सहायकों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है, लेकिन जिला प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया है. जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सोना राम सिंकु ने जिला प्रशासन की इस एजेंसी को हाईटेक करने के लिए सभी स्तर पर सहायकों की प्रतिनियुक्ति करने की मांग की है.

### बामेबासा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# समाज का विकास होगा, तो देश का विकास होगा : मंत्री

**संवाददाता । चाईबासा**

टोंटो प्रखंड अंतर्गत अंतर्गत बामेबासा पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित हुआ. पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री दीपक बिरुवा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. इनके अलावा जिला बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य सुभाष बनर्जी, जिप सदस्य राज नारायण तुबिद भी शामिल हुए. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी भगत ने सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. मंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन चौथी बार किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति लाभ से वंचित नहीं रहे, इसका ध्यान रखा जा रहा है.


आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुंहजुट्ठी कराते मंत्री दीपक बिरुवा व उपस्थित अन्य.

जनकल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को जोड़ने के लिए 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है. हेमंत सरकार के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में पंचायत स्तरीय शिविर आयोजित की जा रही है. इससे शिविर में आने वाले लोगों को योजना की सही जानकारी और उचित लाभ मिल रहा है. वहीं लोगों को योजनाओं के लिए भटकना नहीं पड़े, इसलिए पंचायत भवनों में ही शिविर लगाया जा रहा है. आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी संबंधित अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि शिविर में आने वाले लोगों को न सिर्फ सभी योजना की जानकारी दी जाए, बल्कि लोगों की समस्या और आवेदन का निष्पादन करने का प्रयास किया जाए. उन्होंने कहा कि समाज व गांव का विकास होगा, तो देश का विकास होगा. इसलिए झामुमो की हेमंत सरकार ने महिलाओं की सशक्तीकरण को लेकर सर्वजन पेंशन समेत कई योजनाएं धरातल पर उतारी है. अब 18 वर्ष की उम्र से ही युवतियों को भी प्रोत्साहन राशि मिलेगी. हेमंत सोरेन सरकार ने पहले ही 21 से 49 एवं 50 साल से ही महिलाओं को पेंशन से जोड़ने का काम कर चुकी है. झारखंड सरकार प्रत्येक उपभोक्ता को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है. मौके पर मंत्री ने कार्यक्रम में लगे विभिन्न स्टॉलों का भी निरीक्षण किया. साथ ही लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का भी वितरण किया. इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

# सड़क जाम से पूर्व छोटानागरा पंचायत के गांवों में दूषित जलापूर्ति

- 12 सितम्बर की सुबह से सड़क जाम आंदोलन होगा शुरू : मुखिया

**संवाददाता । किरीबुरु**

अनिश्चितकालीन सड़क जाम से एक दिन पूर्व 11 सितम्बर की सुबह बाईहातु जलमीनार से छोटानागरा पंचायत के गांवों में जलापूर्ति की गई. लेकिन पानी काफी गंदा व पीने योग्य नहीं था. पानी सप्लाई भी काफी कम समय के लिये किया गया. इससे ग्रामीण नाराज हैं. इस संबंध में छोटानागरा पंचायत की मुखिया मुन्नी देवगम और जोजोगुटु के मुंडा कानूराम देवगम ने कहा कि छोटानागरा पंचायत के 10 गांवों के ग्रामीण पिछले एक माह से भी अधिक समय से पेयजल आपूर्ति नहीं होने और नियमित बिजली नहीं रहने से परेशान हैं.

इसी से नाराज होकर सभी गांवों के ग्रामीण 12 सितम्बर की सुबह लगभग पांच बजे से छोटानागरा थाना अन्तर्गत बाईहातु गांव के समीप मुख्य सड़क अनिश्चितकालीन जाम करेंगे. सड़क जाम के डर से 11 सितंबर को


छोटानागरा पंचायत के गांवों में सप्लाई का दूषित पानी.

पानी आपूर्ति की गई, लेकिन पुनः यही हाल होने वाला है.

ऐसे में विभागीय उच्च अधिकारी जब तक आकर यह आश्वस्त नहीं करते की साफ पानी की नियमित आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी, तब तक सड़क जाम रहेगा.

उन्होंने कहा कि बाईहातु आसन्न जलापूर्ति योजना के तहत पंचायत के सभी 10 गांवों और ग्रामीणों के घर तक पानी पहुंचाना था, लेकिन यह कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है. इसकी निष्पक्ष जांच करवा कर अधूरे कार्य को पूरा करने, नियमित बिजली आपूर्ति की भी मांग है.

### पलामू के सांसद बीडी राम की अध्यक्षता में जगन्नाथपुर में हुई वोटिंग

# विस सीट से प्रत्याशी चुनने के लिए हुआ गुप्त मतदान


वोटिंग के दौरान उपस्थित पलामू के सांसद बीडी राम व अन्य भाजपा नेता.

**संवाददाता । किरीबुरु**

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने 11 सितम्बर को झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र के लिये अपने संभावित प्रत्याशियों के नामों पर सहमति व रायशुमारी का कार्य प्रारम्भ कर दिया है. जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी के रुप में पूर्व सांसद गीता कोड़ा, एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंगल सिंह गिलुवा, पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन पूर्ति ने दावेदारी पेश की है. इसके लिये बतौर पर्यवेक्षक पलामू के सांसद बीडी राम की देखरेख में नोवामुंडी कल्याण मंडप में बुधवार को विशेष बैठक व गुप्त मतदान कराया गया. इस वोटिंग में जिला पदाधिकारी एवं जिला कार्यसमिति सदस्य, निवर्तमान जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, मंडल मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री, शक्तिकेन्द्र संयोजक, सह संयोजक एवं प्रभारी, अब तक के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश प्रकोष्ठ एवं विभाग के संयोजक, सह संयोजक, जिला मोर्चा के लगभग 130 पदाधिकारी शामिल हुये. सभी ने अपनी पसंद के अनुसार उक्त तीनों संभावित प्रत्याशियों के नाम लिखकर प्रदेश कार्यालय से आयी मतदान पेटी में डाला. इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद गीता कोड़ा मौजूद नहीं थीं. वे हजारीबाग गई हैं. आज हुई गुप्त मतदान से संबंधित पूरी रिपोर्ट प्रदेश कमिटी को भेजी जायेगी. इसके आधार पर बाद में केन्द्रीय कमिटी प्रत्याशियों के नाम फाइनल करेगी. मौके पर पूर्व सीएम मधु कोड़ा, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शंभू हाजरा, पूर्व जिलाध्यक्ष बिपिन पूर्ति आदि मौजूद थे.

### चांडिल : भाजपा के स्थानीय नेताओं के साथ रायशुमारी


चांडिल में रायशुमारी में उपस्थित भाजपा नेता और कार्यकर्ता.

**चांडिल ।** विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को भाजपा ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नेता और कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी की. इस दौरान गुप्त मतदान के माध्यम से अपनी पसंद के तीन विधायक उम्मीदवारों के नाम भी लिए. ये प्रक्रिया बैलेट में चुनाव कराकर लिया गया, जिसे सीलबंद बॉक्स में डाला गया. रायशुमारी की बैठक और गुप्त मतदान के लिए संगठन की ओर से प्रभारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी. प्रभारी के रूप में पूर्व मंत्री बड़कुंवर गगराई और सह प्रभारी के रूप में राजेन सिंह चांडिल पहुंचे थे. रायशुमारी की बैठक और प्रत्याशी चयन के लिए मतदान चांडिल डैम आईबी में जिला उपाध्यक्ष खुदीसिंह सरदार की अध्यक्षता में हुई. बैठक का संचालन जिला महामंत्री मधुसुदन गोराई ने किया. बैठक में पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह, देवाशीष राय, सारथी महतो, अनिता पारित, महेश कुंडू, दिवाकर सिंह, चंद्र मोहन दास, विश्वनाथ उरांव, आकाश महतो के अलावा सभी पंचायत, मंडल प्रखंड, जिला स्तर के पदधारी नेता बैठक में शामिल थे.

# अस्तित्व के लिए खटखटाती रहूंगी संसद का दरवाजा : जोबा माझी


कार्यक्रम के दौरान संबोधित करती सांसद जोबा माझी.

- करम पूर्व संध्या महोत्सव में शामिल हुईं सांसद

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने सरना धर्म कोड पर कहा कि आदिवासियों की पहचान-अस्तित्व के लिए बार-बार संसद का दरवाजा खटखटाती रहेंगी. सांसद जोबा माझी बुधवार को आनंदपुर प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में कुड़ुख सरना जागरण मंच मनोहरपुर-आनंदपुर प्रखंड कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित करम पूर्व संध्या महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं. सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने विशेष सत्र के माध्यम से सरना धर्म कोड को पास कर केंद्र सरकार के पास भेज दिया है. इसके लिए सरकार को बधाई देती हूं, लेकिन केंद्र सरकार से मांग है कि इस मांग को जल्द पूरा करें. सांसद ने उपस्थित लोगों को करम महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि करम प्रेम, भाईचारा और प्रकृति से जुड़ने का माध्यम है. समाज की उन्नति और तरक्की के लिए एकजुट रहें. मौके पर सांसद समेत अन्य अतिथियों ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बेहतर अंक से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया. महोत्सव के दौरान विभिन्न गांवों की मंडली ने नृत्य प्रस्तुत किया. वहीं कार्यक्रम में अतिथियों को आयोजन समिति की ओर से पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में झारखंड समेत ओडिशा से भी समाज के लोग शामिल हुए. मौके पर पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, संरक्षक बोदे खलखो, युवा संरक्षक विमल किस्पोट्टा, अध्यक्ष रोबी लकड़ा, सचिव रमेश तिर्की, बंधना उरांव, तिला तिर्की, प्रमोद केरकेट्टा, मणिलाल केरकेट्टा, बुधेश्वर धनवार, रामचंद्र कच्छप, झामुमो नेता जगत माझी, संजीव गंताइत समेत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### जयदा मंदिर में गणेशोत्सव हवन-पूजन के साथ संपन्न



**चांडिल ।** चांडिल प्रखंड के जयदा स्थित ऐतिहासिक बुढ़ाबाबा शिव मंदिर में पांच दिवसीय गणेशोत्सव बुधवार को हवन पूजन के साथ संपन्न हो गया. बुधवार को देवघर से आए चार विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ किया. इसके बाद बालक भोजन के साथ भंडारा का आयोजन किया गया. जयदा में भगवान गणेश की प्राचीन मूर्ति है. हर वर्ष गणेश चतुर्थी के अवसर पर यहां पूजा-अर्चना की जाती है. गणेश चतुर्थी के दिन प्रारंभ हुई विशेष पूजा-अर्चना बुधवार को यज्ञ के साथ संपन्न हुई. महंत केशवानंद सरस्वती ने बताया कि जयदा मंदिर परिसर में भगवान गणेश व कार्तिक की एक हजार साल से भी पुरानी मूर्ति स्थापित है.

### दो सगे भाइयों में मारपीट, बीच-बचाव करने वाला घायल



**किरीबुरु ।** मेघाहातुबुरु निवासी दो सगे भाइयों सेलकर्मी नरेश चन्द्र गुप्ता और ठेकेदार गणेश चन्द्र गुप्ता के बीच केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु गेट के सामने जमकर मारपीट हुई. दोनों भाइयों के बीच हो रहे झगड़े में बीच-बचाव करने गया मो. सलीम घायल हो गया. उसके चेहरे पर नरेश गुप्ता ने मारा, जिससे मुंह फट गया और खून निकलने लगा. बाद में सलीम को प्राथमिक उपचार के लिए सेल अस्पताल ले जाया गया. दोनों भाइयों के बीच मारपीट की घटना की खबर पाकर किरीबुरु पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों को थाना ले गई. दोनों भाइयों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है.

### प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता हुई



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को पोड़ाहाट स्टेडियम में किया गया. यहां मौजूद विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने दमखम दिखाया. मौके पर जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी हांसदा, मीना जोंको, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ताराकांत सिजुई, बीस सूत्री सदस्य प्रदीप कुमार महतो व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पवन कुमार सिंह उपस्थित थे. इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर व हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया.

# 13 को दिल्ली में सेमिनार व 14 को जंतर-मंतर पर होगा प्रदर्शन


चाईबासा में आयोजित बैठक में शामिल महासभा के पदाधिकारी और सदस्य.

**संवाददाता । चाईबासा**

दुदुगर यात्रा दोलाबु दिल्ली 4.0 कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आदिवासी हो समाज युवा महासभा, जिला कमिटी की बुधवार को बैठक हुई. बैठक चाईबासा के कला एवं संस्कृति हरिगुटू में हुई. इसमें जिलाध्यक्ष शेरसिंह बिरूवा की अध्यक्षता में तैयारियों पर चर्चा की गई. 13 सितम्बर को जयसिंह मार्ग पुलिस हेडक्वार्टर के सामने स्थित वाईएमसीए क्लब, नई दिल्ली में सेमिनार का आयोजन होगा. इसमें हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए विभिन्न राज्यों के लगभग 60-70 युवा नेतृत्वकर्त्ताओं को सेमिनार के माध्यम से पार्लिमेन्टरी प्रोशिडियोर, डेमोक्रेटिक राईट्स एण्ड रोल,सोशल लेवल पर डॉक्युमेन्ट स्टेज जैसे अन्य बिन्दुओं पर जागरूक किया जाएगा. भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए समाज में नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने का प्रयास शामिल होगा. 14 सितम्बर को जंतर-मंतर, संसद मार्ग, नई दिल्ली में आदिवासी हो समाज युवा महासभा तथा ऑल इंडिया हो लैंग्वेज एक्शन कमिटी के तत्वावधान में धरना-प्रदर्शन होगा. बैठक में बबलु बिरुवा, ओएबन हेम्ब्रम, रामेश्वर बिरूवा आदि मौजूद थे.

### नृत्य में प्रज्ञा व रंगोली में तानिशा को प्रथम पुरस्कार

**किरीबुरु ।** गुवा नानक नगर में गणेश चतुर्थी धूमधाम से सम्पन्न हुआ. इस दौरान खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया. एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रज्ञा बेहरा प्रथम, साहिबा पात्रो द्वितीय एवं आराध्या दास तृतीय स्थान पर रही. वहीं ग्रुप डांस में मस्ती, एन एंड आर और बीबीटी ग्रुप. रंगोली में तनीषा लोहार, नेहा एवं गुंजन गोप, म्यूजिकल चेयर में शीला टोप्पो और पूजा पूर्ति, फैंसी ड्रेस में आनंदी प्रजापति, कौशल्या सिंह एवं राजकुमार महाली क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे. चित्रांकन में विवेक महापात्रो, प्रतिमा लोहार और टिया, शंख वादन में सुस्मिता भंज, सुनीता दास एवं कुमारी बेहरा, गोली चम्मच में आयुष हेस्सा, छोटू मल्लिक और कृष लोहार क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे. कार्यक्रम की शुरुआत में कुमार आशुतोष ने गणपति वंदना प्रस्तुत दी. वहीं सोनी दास ने कत्थक नृत्य से दर्शकों का मन मोहा.

# झारखंड सरकार पढ़ाई के साथ खेल को भी दे रही बढ़ावा : जोबा

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

सोनुवा के महुलडीहा मैदान में शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 का बुधवार को सांसद जोबा माझी ने उद्घाटन किया. मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पढ़ाई के साथ खेल को भी बढ़ावा दे रही है. आज के दौर में पढ़ाई के साथ खेल का भी महत्व है. खेल के माध्यम से भी लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती हैं.

सांसद जोबा माझी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल से जीवन में अनुशासन आता है. इससे पूर्व उद्घाटन सत्र में पहुंची सांसद का बच्चों ने तालियां बजाकर एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया. मौके पर सांसद ने प्रतियोगिता के बालक वर्ग में लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय के


कार्यक्रम को संबोधित करतीं सांसद जोबा माझी व उपस्थित अन्य.

कृष्ण कुमार महतो, द्वितीय मॉडल स्कूल के विकास प्रधान, तृतीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय के अमित मुखी एवं बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की तनुश्री सोय, जिंगी बांकिरा एवं सुमित्रा बुरमा को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया.

बता दें कि खेलो झारखंड में बालक-बालिका के विभिन्न वर्ग में विभिन्न खेलों का आयोजन हो रहा है. प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान जाएगा. इस अवसर पर झामुमो के युवा नेता जगत माझी, बीपीओ राजीव सिन्हा, शिक्षक गुलाब कपूर, जय किशन प्रधान, निवेदिता प्रधान, महेंद्र महतो, अखिलेश प्रधान समेत काफी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे.

# चांडिल : राम और कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु


चांडिल के मुनका धर्मशाला में श्रीमद्भागवत गीता की कथा सुनते श्रद्धालु.

- पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री जी महाराज सुना रहे हैं कथा
- अंतिम दिन भक्तों के बीच होगा प्रसाद का वितरण

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल बाजार के डैम रोड स्थित मुनका धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा विशिष्ट प्रसंग बुधवार को वामन अवतार, रामजन्म व कृष्णजन्म की कथा सुनकर भाव-विभोर हुए. श्रीधाम वृंदावन से आए कथावाचक पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री जी महाराज ने वामन अवतार, राम जन्म व कृष्ण जन्म की कथा का व्याख्यान किया.

श्रीमद्भागवत कथा सुनने प्रतिदिन चांडिल बाजार समेत आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मुनका धर्मशाला पहुंच रहे हैं. कथावाचक के सुंदर व्याख्यान से श्रोता मंत्रमुग्ध हो रहे हैं. कथा प्रतिदिन दोपहर बाद चार से सात बजे तक हो रही है. सप्ताह व्यापी श्रीमद्भागवत कथा विशिष्ट प्रसंग रविवार को कलश स्थापना के बाद श्रीमद्भागवत पूजन और भागवत का महत्व के व्याख्यान के साथ प्रारंभ हुआ था. श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन गुरुवार को बाल लीला व गोवर्धन पूजा का महात्म्य बताया जाएगा.

छठे दिन शुक्रवार को महारास लीला एवं रूकमिणी विवाह प्रसंग विस्तार से श्रोताओं को पंडित सुरेश चंद्र सुनाएंगे. श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित पर कथा सुनाने के बाद भागवत को विश्राम दिया जाएगा. इस अवसर पर मुनका धर्मशाला में हवन यज्ञ कर पूर्णाहूति दी जाएगी. कथा के बाद पूर्णाहूति अनुष्ठान के संपन्न होने पर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा.

### तैयारी : शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण शुरू, आकर्षक साज-सज्जा के साथ प्रतिमा का निर्माण शुरू

# शीतला मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में दिखेगा उत्तराखंड के चारधाम का प्रारुप

**शंभू कुमार । चक्रधरपुर**

शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं. चक्रधरपुर में धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा का त्योहार मनाया जाता है. चक्रधरपुर में लगभग दो दर्जन स्थानों पर पंडाल का निर्माण कर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है. इसमें चक्रधरपुर शहर के शीतला मंदिर दुर्गा पूजा समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कराया जाता है, जो पूरे जिले भर में विख्यात रहता है. इस वर्ष पर भी शीतला मंदिर दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल का निर्माण लगभग 20 दिन पहले से शुरू कर दिया गया है. समिति की ओर से उत्तराखंड के


चक्रधरपुर के शीतला मंदिर दुर्गा पूजा कमेटी के पंडाल की ऐसी होगी आकृति.

पहाड़ों के बीच चार धाम प्रारुप का पंडाल निर्माण कराया जा रहा है. इसे बनाने के लिए दिन रात कारीगर जुटे हुये हैं. पंडाल का निर्माण पश्चिमी बंगाल के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है. चारधाम प्रारुप के पंडाल में उत्तराखंड के पहाड़ों के ऊपर बसा केदारनाथ धाम, बद्रीनाथधाम, गंगोत्री व यमुनोत्री मंदिर पंडाल के रूप में नजर आएगा. साथ ही इन चारों मंदिर के आसपास बर्फरुपी पहाड़ व पंडाल के भीतर गुफा का भी प्रारुप कारीगरों द्वारा तैयार किया जा रहा है. पंडाल के भीतर आकर्षक साजसज्जा के साथ-साथ आकर्षक प्रतिमा का भी निर्माण किया जा रहा है. इस पूजा समिति के संरक्षक वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश साव हैं. पंडाल निर्माण के संबंध में भाजपा नेता सुरेश ने बताया कि शीतला मंदिर दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल देखने के लिए चक्रधरपुर व आसपास क्षेत्र के अलावे अन्य कई स्थानों से लोग पहुंचते हैं. उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी समिति द्वारा निर्माण कराया जा रहा चारधाम रुपी पूजा पंडाल लोगों को खूब लुभाएगा. उन्होंने बताया कि यहां वर्ष 1977 से दुर्गा पूजा भव्य तरीके से आयोजित की जा रही है.

### पूजा समिति पर एक नजर

संरक्षक सुरेश साव, अध्यक्ष संजय पासवान, सचिव संजय मिश्रा, उपाध्यक्ष अनुप दुबे, विकास शर्मा, त्रिदीप कुमार, सूरज साव, सह सचिव रुपेश साव, मोहन यादव, मदन विश्वकर्मा, पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष विजय साव, मनीष पाड़ेया, सह कोषाध्यक्ष मयंक साव, विक्की पासवान, विजय जायसवाल, मीडिया प्रभारी संदीप साव, शंभू कुमार, चंदन साव, रिक्की छाबड़ा शामिल हैं. वहीं शिव भगेरिया, भोली साव, राजू शर्मा, नटवर झुनझुनवाला, अरविंद दुबे, संदीप बर्मन, सुबोध पोद्दार, गणेश पाड़िया, सुशील श्यामरीवाल, ऋषि साव, श्यामल साव, माधव झुनझुनवाला, अनिल यादव, टिंकू भगेरिया समेत अन्य कई लोग सक्रिय सदस्य हैं.

**विधानसभा चुनाव :** सुर्खियों में आने के लिए पैसे खर्च कर जुटा रहे भीड़, लगवा रहे जयकारे

# टिकट के जुगाड़ में हर हथकंडे अपना रहे उम्मीदवार

संवाददाता। हजारीबाग



विधानसभा चुनाव की घोषणा धीरे-धीरे नजदीक जा रही है. ऐसे में नेताजी टिकट लेने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं. सदर विधानसभा क्षेत्र एक पार्टी से कई उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं. इनमें कई ऐसे उम्मीदवार भी जिन्हें जनता जानती तक नहीं है, लेकिन वे सुर्खियों में आने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम का आयोजन करवा रहे हैं. भीड़ जुटाने के लिए काफी मात्रा में पैसा खर्च कर रहे हैं ताकि दिल्ली में बैठे आलाकमान की निगाह में आ सकें. नेताजी कभी महिलाओं को तो कभी विद्यार्थियों को भीड़ का हिस्सा बना रहे हैं. यहां तक कि कई नेता सौ- दो सौ रुपये देकर 7 साल से 10 साल के बच्चों को भी साथ लेकर अपनी जय-जयकार करवा रहे हैं. नेताजी मीडिया की सुर्खियों में आने के लिए प्रत्येक दिन काफी पैसा खर्च करते हैं और पेपर कटिंग को दिल्ली भेजते हैं, लेकिन कभी उनकी जुबां पर जनता के मुद्दे नहीं आते.

दरअसल, हजारीबाग सदर विधानसभा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा, कांग्रेस के अलावे कई अन्य उम्मीदवार टिकट के लिए घूम रहे हैं और तरह-तरह के कार्यक्रम करवा रहे हैं. हालांकि कुछ ऐसे उम्मीदवार भी हैं जो लगभग 30-35 साल से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं और टिकट की आस में खड़े हैं. क्षेत्र में गुप्त तरीके से भ्रमण कर रहे हैं और अगर उन्हें टिकट नहीं मिलता है तो वह निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं. हालांकि हजारीबाग सदर में मुख्य रूप से दो ही ऐसी पार्टी है जो चुनाव के वक्त सुर्खियों में रहती हैं और इन्हीं दोनों पार्टी में से किसी एक की जीत होती है और इन दोनों पार्टियों के लिए लगभग डेढ़-डेढ़ दर्जन उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं. इस संबंध में सदर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने बताया कि हमें ऐसे प्रत्याशी की जरूरत है जो हमारे क्षेत्र का विकास करवा सके, न कि केवल अपनी जेब भरने का काम करें. क्षेत्र में आज भी कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनको नेताजी नहीं उठाते हैं. कई लोगों ने यह भी कहा कि आज भी कई ऐसे गांव हैं जहां मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण वंचित हैं.

**खास बातें**

- कई ऐसे उम्मीदवार भी जिन्हें जनता जानती तक नहीं है
- एक पार्टी से कई उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं

उपायुक्त ने पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# उत्पाद सिपाही की दौड़ के लिए सभी सुविधाएं मुकम्मल

संवाददाता। हजारीबाग



पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में व्यवस्थाओं का जायजा लेतीं उपायुक्त.

झारखंड उत्पाद सिपाही दौड़ प्रतियोगिता का निरीक्षण करने उपायुक्त नैंसी सहाय बुधवार को हजारीबाग के पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पहुंची. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बताया कि 9 सितंबर से 13 सितंबर तक चलने वाले इस दौड़ में प्रतिभागियों के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं. उन्होंने आज ट्रेनिंग सेंटर के मेडिकल कैंप, रात्रि में रुकने की व्यवस्था, मेडिकल कैंप में दवाइयां की उपलब्धता, शौचालय आदि का जायज़ा लिया.

उन्होंने बताया कि पदमा में उत्पाद सिपाही दौड़ प्रतियोगिता संचालित की जा रही है, जहां सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल हैं. मौके पर उन्होंने दौड़ में शामिल हो रहे सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी. वहीं पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट मोहम्मद अर्शी ने बताया कि सेंटर में प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गईं है. उनके रुकने के लिए टेंट का इंतजाम किया गया है. दौड़ के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मेडिकल कैंप अलर्ट है. उन्होंने बताया कि प्रतिदिन लगभग 3000 प्रतिभागी इस दौड़ में शामिल हो रहे हैं.

**ब्रीफ खबरें**

## गर्ल्स स्कूल में मनाया गया लिटरेसी डे

**रामगढ़।** इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा सुभाष चौक स्थित गर्ल्स स्कूल में लिटरेसी-डे सेलिब्रेट किया गया. इस मौके पर लड़कियों में पढ़ाई का महत्व शीर्षक पर एक लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. संस्था की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने कहा कि लैंगिक समानता का लाभ हर बच्चे को मिलता है. लड़कियों की शिक्षा में निवेश करने से समुदाय, देश और पूरी दुनिया बदल जाती है. शिक्षा प्राप्त करने वाली लड़कियों की कम उम्र में शादी होने की संभावना भी कम रहती है.

## चुनाव अभियान में लग जाएं भाजपा कार्यकर्ता

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा का चुनाव का बिगुल कभी भी बज सकता है लेकिन भाजपा अभी से ही चुनावी रणनीति बना चुके हैं. भाजपा के रामगढ़ नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने बूथ समिति की बैठक में साफ निर्देश दिया कि कार्यकर्ता चुनावी अभियान में जुट जाएं. 8 से लेकर 10 सितंबर तक सभी बूथ समिति की बैठक में वे शामिल हुए और बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, मतदाता सूची, मन की बात कार्यक्रम और सदस्यता अभियान को लेकर चल रहे कार्यक्रम की जानकारी ली. बैठक में उपस्थित सदस्यों से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया.

## आत्महत्या रोकथाम पर हुई कार्यशाला

**कोडरमा।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के निमित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, डोमचांच में बुधवार को छात्राओं के बीच आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला हुई. जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ. आशीष राज ने कहा कि आत्महत्याओं का एक बड़ा हिस्सा मानसिक बीमारियों जैसे अवसाद, मादक द्रव्यों के सेवन और मनोविकृति के कारण होता है.

## कोडरमा में सफाई कर्मियों ने निकाला मार्च

**कोडरमा।** दैनिक वेतनभोगी, संविदाकर्मी और आउटसोर्सिंग कर्मियों को स्थाई करने, शत-प्रतिशत मानदेय या वेतन राज्य सरकार द्वारा आवंटित करने, नियमानुसार प्रोन्नति देने, पीएफ भविष्य निधि और ईएसआई का लाभ देने, जीवन बीमा से जोड़ने, सामाजिक सुरक्षा के तहत सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन देने आदि मांगों को लेकर 23 अगस्त से निकायकर्मियों की जारी हड़ताल के समर्थन में बुधवार को कोडरमा हनुमान मंदिर चौक से कोडरमा बाजार होते हुए नगर पंचायत कार्यालय तक सफाई कर्मियों ने जुलूस निकाल नारेबाजी की.

विकास के नाम पर प्रखंड की जनता को सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा

# कुंदा के कई विभाग चतरा व प्रतापपुर प्रखंड से संचालित

अभिमन्यु सिंह। चतरा

जिले के कुंदा प्रखंड को बने 29 वर्ष पूरा हो चुका है, परंतु विकास के नाम पर प्रखंड की जनता को सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है. कुंदा प्रखंड आज भी अपनी स्थिति पर बदहाली की आंसू बहा रहा है. इस प्रखंड का गठन झारखंड बिहार संयुक्त राज्य के कार्यकाल में (ग्रामीण विकास मंत्री रमई राम, बिहार सरकार) में 18 अगस्त 1995 को की गई थी. तब से लेकर आज तक पूर्ण रूप से प्रखंड में कई विभागों का संचालन नहीं हो रहा है. बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, विद्युत विभाग, कल्याण विभाग, कृषि विभाग सहित कई अन्य विभागों का संचालन मुख्यालय से नहीं हो रहा है. इन सभी विभागों का संचालन फिलहाल प्रतापपुर और जिला मुख्यालय चतरा से हो रहा है. वैसे में प्रखंड के ग्रामीणों को इन विभाग से अपने कार्यों का निष्पादन कराने में पसीना छूट रहे हैं.

मजे की बात तो यह है कि सांसद हो या विधायक कोई भी ग्रामीणों की इस बड़ी समस्या पर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया. यही वजह है कि इन विभागों का संचालन आज भी प्रतापपुर और चतरा से हो रहा है. इसके अलावा कई विभाग तो अतिरिक्त प्रभार के भरोसे चल रहा है. प्रखंड के विकास का बात की जाय तो कुंदा प्रखंड में कुल 25 हजार मतदाता है, जो प्रखंड के 78 गांवो में फैले हैं. विकास की कहानी ऐसी है कि लगभग 10 करोड़ की लागत से गांव गांव में पेयजलापूर्ति के लिए जल नल योजना लगाया जा रहा है. निर्माण कार्य अत्यंत घटिया स्तर से किए जाने के कारण कम समय में बेकार साबित हो रहे हैं. कई गांवों में सोलर आधारित जल मीनार का निर्माण कराया गया है, परंतु अधिकतर जलमीनार से जलापूर्ति बंद है. जल नल योजना को लेकर कई बार जनप्रतिनिधि द्वारा उपायुक्त को आवेदन दिया गया है लेकिन इस ओर ध्यान नहीं है.

शिक्षा व खेल की बात करें तो प्रखंड मुख्यालय सहित किसी भी पंचायत में एक स्टेडियम भी नहीं है. ऐसे में यहां के खेल प्रेमियों को कुंठित मन से खेल के प्रति अपनी प्रतिभा को निखारना होता है. स्वास्थ्य की सुविधा के लिए ग्रामीणों को आज भी प्रतापपुर जाना पड़ता है. प्रखंड के करीब 50 हजार की आबादी को आज भी चतरा, पलामू, हजारीबाग, रांची व बिहार के गया, पटना पर निर्भर रहना पड़ता है.

### प्रतापपुर का मुख्य मार्ग गढ्ढे में तब्दील, आवागमन में परेशानी



प्रतापपुर का मुख्य सड़क गड्ढे में तब्दील.

**चतरा।** प्रतापपुर मुख्य मार्ग महावीर चौक से राजागढ़ जाने वाले मुख्य सड़क इन दिनों गढ्ढे में तब्दील हो गया है. सड़क में गड्ढा होने के कारण पानी जमा रहता है, जिससे सड़ांध बदबूदार दुर्गंध निकलती है. इससे सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सबसे ज्यादा परेशानी पैदल चलने वाले लोगों को हो रही है. लोगों को गंदे पानी में घुसकर आवागमन करना पड़ रहा है. दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को भी काफी कठिनाई से इस सड़क से गुजरना पड़ता है. इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि प्रतापपुर के राजागढ़ जाने वाली सड़क पुरी तरह से जर्जर हो गई है. सड़क में बड़े-बड़े गढ्ढे हो गए हैं. गढ्ढे में दो फीट तक पानी जमा हो जाता है, जिससे आने-जाने में काफी परेशानी होती है. महिलओं को पूजा करने के लिए इसी गंदी सड़क से होकर मंदिर जाना पड़ता है. ग्रामीण इस समस्या से कई बार स्थानीय विधायक सह मंत्री व सांसद को अवगत कराया है, लेकिन अभी तक सड़क नहीं बनाई गई है. प्रतापपुर के बभने मोड़ से अरविंद सिन्हा, झलक देवी चौक से राधेश्याम प्रसाद, महावीर मंदिर से कारूडीह गेट, प्रखंड कार्यालय मुख्य द्वार से डाक बंगला, पान्डे गुम्टी से राजागढ़ तक के सड़क पुरी तरह से जर्जर है. ग्रामीण उपरोक्त सड़को को डीएमएफटी से बनवाने की मांग उपायुक्त, से की है.

## विभावि में आचार्य विनोबा भावे की 129वीं जयंती मनाई गई

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में बुधवार को आचार्य विनोबा भावे की 129वीं जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने की. इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह, शिक्षा शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ मृत्युंजय प्रसाद, दर्शनशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ विजय कुजूर, शोधार्थी महेंद्र पंडित, धर्मेंद्र कुमार, रवि कुमार विश्वकर्मा, विकास कुमार रवि, अंजन लकड़ा, विजय चौधरी, मोहम्मद फजल, अनिल रविदास आदि उपस्थित थे. 1992 में स्थापित विश्वविद्यालय विनोबा भावे के नाम पर स्थापित देश का इकलौता विश्वविद्यालय है.

# राज्यपाल संतोष गंगवार से मिले सांसद मनीष जायसवाल



राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात करते सांसद मनीष जायसवाल.

संवाददाता। हजारीबाग

झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की. जायसवाल की उनसे यह मुलाकात गिरिडीह जिले के मधुबन मोड़ के चिरकी के समीप हुई. ज्ञात हो कि उक्त मुलाकात सांसद मनीष जायसवाल आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव से संबंधित प्रत्याशियों के चयन हेतु भाजपा संगठन के निर्देश पर अपने संगठनात्मक दायित्व निर्वहन के लिए दुमका जाने के क्रम में हुई.

चितरपुर इंटर कॉलेज परिसर में हुआ करमा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

# विधायक के साथ जमकर थिरकीं शिक्षिकाएं व छात्राएं

संवाददाता। रामगढ़



करमा महोत्सव के दौरान छात्राओं और महिलाओं के साथ सुनीता चौधरी.

चितरपुर इंटर कॉलेज परिसर में बुधवार को कॉलेज परिवार और छात्र आजसू द्वारा करमा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने इसका उद्घाटन किया. मौके पर उन्होंने कहा कि करमा पर्व झारखंडी संस्कृति की एक पहचान है. इस पर्व को पूरे भारत में फैलाने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि यह एक प्राकृतिक पर्व भी है. इसमें बहनें अपने भाई की लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि के लिए करमा पेड़ की पूजा करती हैं. इससे पूर्व मुख्य अतिथि के यहां पहुंचने पर प्राचार्या डॉ संज्ञा एवं रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से बुके देकर स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन प्रो सुरेंद्र कुमार व निरंजन महतो ने किया. मौके पर आजसू के सह प्रभारी सुबीन तिवारी, मनोज कुमार महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार गिरि, प्रखंड अध्यक्ष लालू महतो, श्रवण चित्रा, कृष्णा कुमार, दीपेश देव, विजय साव सहित कॉलेज के सभी शिक्षकों के अलावे सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

# भ्रष्टाचार देश के समग्र विकास में प्रमुख बाधा है : आशीष झा



निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं.

संवाददाता। रामगढ़

रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सीसीएल रजरप्पा के द्वारा चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत स्टाफ अधिकारी (खनन) पीके रामदास के निर्देशन में बुधवार को विद्यालय में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतर्कता जागरूकता पर आधारित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी आशीष झा ने कहा कि हमारे देश के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास में भ्रष्टाचार प्रमुख बाधा है. इसके खिलाफ सरकार, नागरिक और निजी क्षेत्र के लोगों को एकजुट होकर प्रयास करना होगा. तभी हम भ्रष्टाचार को खत्म कर सकते हैं. भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ने के लिए हर नागरिक को सत्यनिष्ठा, सतर्कता और ईमानदारी का दृढ़ निश्चय करना होगा.

डाक सेवा को जन सेवा के रूप में स्थापित करना हमारा संकल्प : ब्रजेश

# गुरहेत में डाक चौपाल का आयोजन

संवाददाता। हज़ारीबाग



डाक चौपाल के दौरान डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य.

भारतीय डाक विभाग की ओर से गुरहेत पंचायत भवन में बुधवार को डीसीडीपी के तहत डाक चौपाल का आयोजन किया गया. इस अवसर बतौर मुख्य अतिथि सहायक डाक अधीक्षक (सेंट्रल) ब्रजेश कुमार पासवान उपस्थित हुए. उन्होंने बताया कि डाक चौपाल डाक विभाग की एक ऐतिहासिक पहल है. इसका उद्देश्य आवश्यक सरकारी और नागरिक केंद्रित सेवाओं को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में लाना है, जिससे पहुंच और सुविधा में सुधार होगा. हमारा संकल्प डाक सेवा को जन सेवा के रूप में स्थापित करना है. यह तभी संभव है, जब हम आम जन के बीच उपस्थित होंगे. डाकघर में डाकघर बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, टाइम डिपॉजिट खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, महिला सशक्तिकरण खाता में सुरक्षित निवेश कर सकते है. ग्रामीण/डाक जीवन बीमा कम प्रीमियम पर अधिक बोनस देता है. 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार नामांकन व आधार मोबाइल अपडेशन की सुविधा सभी ग्रामीण डाकघर में उपलब्ध है. सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से दिए जाने वाली सहायता जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पीएम किसान, गैस सब्सिडी, स्कॉलरशिप, आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना आदि का लाभ डाकघर बचत खाता पर उपलब्ध है. इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के 18 से 65 वर्ष के खाताधारक 320 रुपये में पांच लाख, 549 रुपये में 10 लाख, 749 रुपये में 15 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं. मौके पर डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप, डाक सहायक प्रियम राज, प्रियांशु ठाकुर, संजीत यादव, आशीष पांडे, जितेंद्र कुमार, दामोदर यादव, अविनाश हेम्ब्रम, प्रीति कुमारी, अंजलि राय, रेखा देवी, डींकी राज, कालीचरण राम, रोबिन कुमार रौशन, प्रभात कुमार, राजेन्द्र यादव आदि उपस्थित थे.

सेवई उत्तरी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# बीडीओ ने कहा- ग्रामीणों को मिल रहा है योजनाओं का लाभ

संवाददाता। रामगढ़

चितरपुर प्रखंड की सेवई उत्तरी पंचायत सचिवालय में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद चितरपुर बीडीओ ज्ञानमनी एक्का व विशिष्ट अतिथि सेवई उत्तरी मुखिया कुलदीप सिंह संयुक्त रूप से किया. इस दौरान ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई. साथ ही कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निपटारा भी किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार आपके द्वार पहुंची हुई है. गरीबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लाई है. इनका लाभ लेकर सभी लोग स्वावलंबी बन सकते हैं. उन्होंने वहां लगे स्टॉलों का भी निरीक्षण किया. मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी चित्रा सिंह मुंडा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र महतो मौजूद थे.



**अच्छी पहल** आईसेक्ट विश्वविद्यालय में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन, डॉ. मुनीष गोविंद ने कहा

# स्वस्थ जीवनशैली के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच आवश्यक

संवाददाता। हजारीबाग



शिविर में 100 से अधिक लोगों का किया गया हेल्थ चेकअप किया गया.

नियमित स्वास्थ्य जांच हमें अवश्य कराना चाहिए. इससे न केवल अलग-अलग बीमारियों के शुरुआती लक्षणों का पता चलता है बल्कि समय पर इलाज भी संभव हो पाता है. साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी मदद मिलती है. उक्त बातें आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग की ओर से मुख्य कैंपस परिसर में आयोजित हेल्थ चेकअप कैंप के उद्घाटन के दौरान कही. उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं. बता दें कि डॉ आलोक राय की निगरानी में विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग की ओर से आयोजित हेल्थ चेकअप कैंप में प्राध्यापक-प्रध्यापिकाओं, कर्मियों व विद्यार्थियों समेत 100 से अधिक लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया, जिसमें बी.पी., ऑक्सीजन लेवल, पल्स रेट, बीएमआई, डायबिटिज व अन्य की जांच की गई. डॉ आलोक ने बताया कि बीपी, डायबीटिज जैसी बीमारियां अब आम हो गई है और 40 वर्ष से अधिक उम्र की एक बड़ी आबादी अब इसके गिरफ्त में आता जा रहा है. ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य के मद्देनजर आवश्यक है. उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में लोगों की दिनचर्या भी बीमारियों को पांव पसारने का भरपूर मौका दे रहें हैं, ऐसे में स्वास्थ्य की देखभाल को लेकर जागरूकता भी जरूरी है. उन्होंने बताया कि जल्द ही विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग की ओर से कुछ गांवों में भी हेल्थ चेकअप कैंप लगाए जाएंगे और लोगों को इसे लेकर जागरूक किया जाएगा. डीन एडमिन डॉ एसआर रथ व वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार ने भी नियमित स्वास्थ्य जांच को महत्वपूर्ण बताया और इस ओर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया. कैंप को सफल बनाने में फार्मेसी विभाग के डॉ आलोक राय के अलावा यशवंत कुमार, रोहित लाल, कुंवरजीत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

**खास बातें**

- 100 से अधिक लोगों का किया गया हेल्थ चेकअप
- बीपी और डायबीटिज जैसी बीमारियां अब आम हो गई

प्रखंड के मोन्या तथा गजवा पंचायत सचिवालय में लगा सरकार आपके द्वार शिविर

# पठन-पाठन सामग्री और परिसंपत्तियों का वितरण

संवाददाता। चतरा



शिविर में छात्रों को दिए गए शिक्षण किट के साथ छात्र.

प्रखंड के मोन्या तथा गजवा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया. इसमें पंचायत के सभी विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री, विद्यालय किट सहित पंचायत के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ अजय कुमार दास तथा संचालन मुखिया अमरेश कुमार द्वारा किया गया. मौके पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष किशोर यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रमोद कुमार मौजूद थे. इस दौरान बीडीओ एवं मुखिया ने कुल 209 समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान किया. ग्रामीणों द्वारा सभी विभागों में कुल 826 आवेदन दिए गए. वहीं गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशु की क्रमशः गोद भराई व मुंह जूठी कार्यक्रम किया गया. जेएसएलपीएस समूह की महिलाओं के बीच चेक का वितरण किया गया. पौधे व बीज वितरण के साथ सरकार की योजनाओ की जानकारी दी गई. शिविर में सीआरपी राजीव रंजन कुमार अग्रवाल, शिक्षक रंजीत दास, बीरेंद्र राम, आनंद कुमार, मुकेश सिंह, सुचित कुमार, सतेंद्र यादव, रामाकांत पाठक, बीपीएम अभिषेक कुमार, चितरंजन सिंह, ऑपरेटर गौतम, सुनिल, चंद्रकांत, छोटू कुमार, नाजिर अख्तर, जेई श्रवण कुमार, प्रदीप कुमार, परमेंद्र कुमार, रामू साव, अरबिंद तिवारी, सुरेंद्र, अशोक प्रजापति मौजूद थे.

